# आर्यावर्त बैंक
# प्रधान कार्यालय- लखनऊ

## नोटिस

आई.बी.पी.एस द्वारा आयोजित कॉमन लिखित परीक्षा (सी0डब्ल्यू0ई0 आर0आर0बी0-XII) के माध्यम से आर्यावर्त बैंक में अधिकारी संवर्ग-।। (विधि), अधिकारी संवर्ग । तथा कार्यालय सहायक पद पर चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें नियुक्ति पूर्व औपचारिकताएं पूर्ण करा ली हैं, उनकी बैंक सेवा में योगदान प्रस्तुत करने के सम्बंध में विस्तृत दिशानिर्देश निम्नवत हैः-

1. सभी अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा नियुक्ति पूर्व औपचारिकताएं पूर्ण करा ली गयी हैं, एवं सभी आवश्यक प्रपत्र/दस्तावेज/प्रमाण पत्र जमा करा दिये गये हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को कोई प्रपत्र जमा कराना है, तो दिनांक 05.06.2024 तक ई-मेल के माध्यम से आवश्यक प्रपत्र अवश्य प्रेषित कर दें।

2. आपसे यह अपेक्षित है कि यदि आप वर्तमान में किसी अन्य संस्था में कार्यरत है, तो आप विलम्बतम दिनांक 05-06-2024 तक कार्यमुक्त होकर दिनांक 06-06-2024 तक कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दे।

3. आप को सलाह दी जाती है कि आप बैंक सेवा में योगदान प्रस्तुत करने के उद्देश्य से दिनांक 10-06-2024 को प्रातः 10.00 बजे आवंटित क्षेत्रीय कार्यालय में योगदान देने के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, आवंटित क्षेत्रीय कार्यालय की सूचना आपके पंजीकृत ई-मेल पर प्रेषित की जायेगी|

4. आप द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर आवंटित क्षेत्रीय कार्यालय पर आपके योगदान देने के एवं नियुक्ति प्रस्ताव पत्र पर अपनी अभिस्वीकृति प्रदान करने के पश्चात आपकी बैक सेवा में योगदान तिथि, क्षेत्रीय कार्यालय में योगदान प्रस्तुत करने की तिथि अर्थात 10.06.2024 से प्रभावी होगी। किन्तु यदि दिनांक 10.06.2024 को आवंटित क्षेत्रीय कार्यालय में आप रिपोर्ट नहीं करते हैं अथवा यदि वर्तमान में आप किसी अन्य संस्था में कार्यरत है और दिनांक 06.06.2024 तक अपने वर्तमान नियोक्ता से कार्यमुक्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराते हैं, तो बैंक सेवा में आपकी योगदान तिथि दिनांक 10.06.2024 से प्रभावी नहीं मानी जायेगी।

**मानव संसाधन एवं औ0 वि0 विभाग**
**प्रधान कार्यालय, लखनऊ।**
**दिनांकः 01-06-2024**